## संक्षिप्त

### विभिन्न प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत देवली वृताधिकारी रामसिंह व थानाधिकारी घाड हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते बीएनएस प्रकरण में 7 माह से फरार वांछित आरोपी शनी सांसी उर्फ रेन्चु पुत्र राजाराम उर्फ राजू सांसी उम्र 20 साल निवासी सांसी बस्ती नासीरदा जो हाल किराये दार गोवर्धन नगर कालवाड रोड जयपुर थाना सैज जिला जयपुर पश्चिम को गिरफतार किया गया है। इसी क्रम में घाड पुलिस थाना टीम ने पुलिस थाने के सामने से एक पिकअप चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र नरसी लाल उम्र 28 साल जाति बैरवा निवासी सिसोला थाना नैनवा जिला बूंदी को पिकअप में लगी टेप मशीन मय पैनड्राईव के तेज आवाज में गाने बजाते पाये जाने पर चालक को गिरफ्तार कर टेप मशीन मय पैनड्राईव को जप्त किया जा चुका है।

### मेला 24 अप्रैल को

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत गढ़ी ममोड़ स्थित प्रसिद्ध आमली वाले हनुमानजी महाराज का वार्षिक मेला 24 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेला कमेटी अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने बताया कि मेले का शुभारंभ 23 अप्रैल को प्रातः काल अखंड रामायण पाठ से होगा, जो 24 अप्रैल को समापन के साथ हवन और पूजन के साथ संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन के पश्चात दोपहर में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के नामी पहलवान भाग लेंगे। दंगल का मुख्य आकर्षण कामड़े की कुश्ती होगी, जिसकी इनामी राशि 15,000 रुपये रखी गई है। अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि मेले की तैयारियां जोरों पर हैं और स्थानीय ग्रामीणों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। मेले के दौरान सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### शोभा यात्रा के लिए किया जनसंपर्क

**श्रीमाधोपुर।** विप्र समाज श्रीमाधोपुर के प्रतिष्ठित लोगों ने निकटवर्ती ग्राम खेडी जाजोद में परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का निमंत्रण दिया गया। जनसंपर्क कर निमंत्रण देने वाले में विप्र समाज के नागरमल लोकनाथका, डा चंद्र प्रकाश व्यास , कन्हैयालाल चौरसिया, सीताराम दीक्षित आदि ने सभी ग्रामवासियों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा पूर्व धर्मगुरु भारतीय सेना भी उपस्थित थे।

### अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पहाड़ी कट के समीप अवैध बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। पुलिस ने चालक व मालिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणो ने जताई आपत्ति

**मालपुरा।** हाल ही मे मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र मे किये गये पंचायतराज अभियान मे ग्राम पंचायतो के परिसीमन को लेकर ग्रामीणो के विरोध के स्वर थमने का नाम नही ले रहे। सोमवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के नमुकिया गांव के ग्रामीणो ने उपखण्ड अधिकारी अमित चौधरी को ज्ञापन सौंप नमुकिया गांव जो कि डूंगरीकलां ग्राम पंचायत का पार्ट था जिसे हटाकर डूंगरी खुर्द मे जोडने का विरोध किया। आक्रोशित ग्रामीणो ने एसडीएम को अवगत करवाया कि ग्राम पंचायतो के परिसीमन मे महज जातिवाद को देखा गया है ना कि ग्रामीणो की मांग एवं भावनााओं को ऐसे मे किये गये ग्राम पंचायतो के विलय को लेकर सरकार व विभाग का निर्णय उन्है स्वीकार नही है। यदि उनकी मांगो पर प्रसंज्ञान नही लिया गया तो ग्रामीण करेगें आंदोलन।

### धन्ना भगत का जन्मोत्सव मनाया

**टोंक।** धन्ना भगत की जन्मस्थली धुवांकला में धूमधाम से जन्मदिवस मनाया गया, जिसमें उनियारा-देवली विधायक राजेंद्र गुर्जर ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया और धन्ना भगत के दर्शन प्राप्त किया। इस दौरान धन्ना भगत समिति के अध्यक्ष बाबूलाल गुर्जर और जन्म उत्सव समिति के अध्यक्ष लादू लाल चौधरी (अध्यापक) ने और समस्त समिति के सदस्यों ने विधायक का सम्मान किया तथा पंचायत समिति सदस्य व भाजपा के पूर्व देहात मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल चौधरी ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति कार्यकर्ताओं व सैकडो भक्तजनो ने दर्शन प्राप्त का और प्रसादी ग्रहण की।

# विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए : भूपेंद्र यादव

**खैरथल।** केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव सोमवार को खैरथल जिला सचिवालय पर आहूत हुई दिशा बैठक में पहुंचे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा बैठक में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना के साथ कार्य कर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य करें। उन्होंने मुख्य विभागों कि योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सुनिश्चित करें कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खैरथल जिला सचिवालय में बैठक ली।

सके। इसके साथ ही, उन्होंने पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्व में जारी सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए आगामी बैठकों में पूर्ण रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान अधूरी परियोजनाओं और लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत का कार्य नहीं करने वाले और

■ खैरथल में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा बैठक में पहुंचे मंत्री भूपेंद्र यादव

कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदारों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यह मानसिकता ना रखें कि कार्य केवल उच्च स्तर पर ही संपादित होना है। यदि किसी कारणवश कार्य में उच्च स्तर पर विलंब हो रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत उनके कार्यालय, उन्हें स्वयं अथवा संबंधित स्थानीय विधायक को दी जाए, ताकि समय पर समस्याओं का समाधान कर आमजन को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। केंद्रीय मंत्री यादव ने नगर परिषद खैरथल, तिजारा एवं किशनगढ़ बास में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु डीएलबी स्तर पर किए गए टेंडर प्रक्रिया का सतत फॉलोअप कर कचरा निस्तारण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी, मुंडावर विधायक ललित यादव, जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्यैष्ठा मैत्रेयी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडा अतुल प्रकाश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सालुखे गौरव रविंदर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, तिजारा प्रधान जयप्रकाश यादव, कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ढोसीवाल जिला महासचिव बने

**श्रीमाधोपुर।** बहुजन समाज पार्टी सीकर के तत्वाधान में एक दिवसीय बैठक श्रीमाधोपुर में आयोजन आयोजित की गई ।जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी ने श्रीमाधोपुर में बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा कार्यकारिणी का गठन करने और जिला सीकर की कार्यकारिणी को बनाने के लिये मीटिंग का आयोजन किया ।जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बहुजन समाज पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने व बामसेफ को मजबूत करने तथा आगामी चुनाव को लेकर नई रणनीति बनाने का सुझाव दिया बूथ से लेकर जिले स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर नगर निकाय व पंचायत विभाग के आगामी चुनावों की तैयारी के लिये सुझाव दिए।जिले के तीन पदाधिकारी नियुक्त किये।विनोद कुमार ढोसीवाल जिला महासचिव सीकर, भंवर लाल दानोदिया जिला सचिव सीकर, कालू राम सैनी , लाल बहादुर सैनी, सीता देवी लोकसभा प्रत्याशी, राकेश वर्मा, मौजूद थे।

# फर्जीवाडे से जाति बदल कर जमीन नाम कराने वाले प्रकरण की जांच प्रारम्भ

**अलवर।** अलवर तहसील अंतर्गत माचाडी ग्राम पंचायत के ग्राम अलापुर में एसीसी की जमीन को ओबीसी के राय सिंख ने फर्जीवाडा कर एससी मजबी सिख बनकर जमीन को फर्जीवाडे से अपने नाम करवाने वाले प्रकरण में अलवर तहसीलदार ने सज्ञांन लेते हुए भूमि नामांतरण यानि की इंतकाल रद्द कर दिया है । अब जल्दी ही इस प्रकरण में शामिल रहे तत्कालीन पटवारी और तहसीलदार पर भी गिर सकती है कानूनी गाज साथ ही वापिस हो सकती है यह जमीन प्रथम मालिक को। अलवर तहसीलदार ने कार्यवाही करते हुए हाल हुए इंतकाल 1070 को 17 अप्रैल को खारिज करते हुए इस प्रकरण की जांच प्रारम्भ कर दी है। इस जांच में वे सभी अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही हो सकती है जिन्होंने अपने कार्यकाल में इस फर्जीवाड़े में फर्ज कारी करने वालों का साथ दिया था कानूनविदों की माने तो यह जमीन जिस पर फर्जीवाड़ा हुआ है उसे वापिस उसी प्रथम पार्टी के नाम की जा सकता है। अलवर तहसील की ग्राम पंचायत माचडी के गांव अलापुर में गुजरमल पुत्र मवासी जाटव की जमीन पुराना खसरा नम्बर 5 जिसमें चार बीघा दो विस्वा और खसरा नम्बर तीन जिसमें 2 बीघा आठ बिस्वा जमीन हाल खसरा नम्बर 22 और 24 का आधा हिस्सा जमीन को किशनगढ़ बास तहसील के गांव पीपली का बास निवासी जीत सिंह पुत्र बंजार सिहं राय सिख ने खरीदा लेकिन जीत सिंह राय सिख होने के कारण ओबीसी में आता था और नियमों के मुताबिक ओबीसी एससी की जमीन नही खरीद सकता है। जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम कराने के लिए जीत सिंह ने एक युक्ति निकाली और उसने फर्जीवाडा कर स्वयं को राय सिख से बदकर जीत

■ अलवर तहसीलदार ने फर्जीवाडे से किया नामांत्रण खारिज

सिंह जाति मजबी सिख घोषित कर लिया।

दूसरी बार जीत सिंह ने अपनी जाति फिर बदली और अपने नाम से मजबी सिख हटवा कर जीत सिंह पुत्र बंजार सिंह राय सिख करवा ली। इस जाति परिवर्तन में उसका साथ उसके रिश्तेदारो ने दिया जबकि सरकारी कागजों में तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा और तहसीलदार कमल पचौरी की भूमिका भी रही है मामले को दबाने के लिए 12 जुलाई 2018 को जीत सिंह की जाति लॉक करके शुद्धि पत्र के नाम से नामांतरण संख्या दो दर्ज किया गया। यहां पर गौर तलब है कि तत्कालीन पटवारी नंद किशोर परेवा हाल में मालाखेडा तहसील में कानून गौ के पद पर कार्यरत है।

इसी जमीन को जब 4 मार्च 2025 को जीत सिंह ने अपनी जमीन खसरा नम्बर 22 व 24 का आधा हिस्सा अपने साले की पुत्रवधु रेशम कौर पत्नी तारा सिंह, जोगिंदर कौर पत्नी जसबीर सिंह, स्वर्ण कौर पत्नी राजेन्द्र सिंह,बचन कौर पत्नी बलबीर सिंह और छिंदो बाई पत्नी भजन सिंह के नाम बेचान कर दिया। इस फर्जीवाड़े को अमली जामा पहनाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया, तो किसी की जमीन किसी के भी पटवारी और तहसीलदार कर सकते है अगर इसकी जांच उच्च स्तरीय कराई जाए तो अनेकों सरकारी कर्मचारी भी इसमें लिप्त हो सकते है और इनसे और जमीनों की कलाई खुल सकती है जिनको उन्होंने मोटी रिश्वत लेकर बेचान करवाया है।

# जिलाध्यक्ष ने किया उपमुख्यमंत्री का स्वागत

**टोंक।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जयपुर से कोटा जाते समय टोंक स्थित शीतल होटल पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जिसके अन्तर्गत उपमुख्यमंत्री को माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया, इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस प्रकार की स्वागत से अभिभूत हूँ, इस प्रकार का समर्थन और अपनापन मुझे और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है, हम सभी मिलकर राजस्थान के विकास के लिए पूरी लगन से कार्य करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना की और केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया।

उन्होने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हर क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दे रही हैं और सड़कें, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल आदि क्षेत्रों में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, राज्य


राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जयपुर से कोटा जाते समय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

सरकार केवल चार साल की योजनाओं पर काम नहीं कर रही है, बल्कि दीर्घकालिक विकास योजनाओं के साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी वर्षों में भी राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी रहेगी और जनता की सेवा करती रहेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, जिला प्रमुख सरोज बंसल,पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, शैलेन्द्र चौधरी, बेनी प्रसाद जैन, नरेश बंसल, बबलू, हिम्मत सिंह, हंसराज धाकड़, राजेश शर्मा, नीलिमा आमेरा, प्रधान काबरा, महेंद्र सिरोठा, कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, अंजली गुप्ता, गणेश सैनी, उमराव सिंह, सुरेश काचरिया, देवराज गुर्जर, राधेश्याम चांवला, मनीष सिसोदिया, रत्तीराम पहाड़िया, शम्भू शर्मा, वकार खान, विनायक जैन, चरणसिंह चौधरी, लक्ष्मीकांत जांगिड़, रामजस गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में हीटवेव का हो पुख्ता प्रबंधन : जिला कलक्टर

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने सभी जिलेवासियों को लू और तापघात के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म लहर से स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों में सामान्यतः पानी की कमी, गर्मी से होने वाली ऐंठन तथा थकावट और लू लगना आदि शामिल हैं। सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत ने बताया की लक्षण दिखने या दस्त होने पर सावधानी बरतें, लू लगने पर ओआरएस घोल पीयें और शिशु को ओ.आर.एस. घोल निर्धारित अंतराल में पिलाते रहें। दस्त रोकथाम के लिए जिंक दवा एवं ओ.आर.एस. पैकेट सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके लिए सभी चिकित्सा संस्थानों पर बैड आरक्षित किए गए है।

सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत ने बताया की लू तापघात रोग के लक्षण सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना है। अधिक गर्मी से गर्मी से होने वाली ऐंठन (हीट क्रैम्प्स) भी होते है। जिसमें कम ताप के हल्के बुखार के साथ सूजन और बेहोशी, गर्मी से होने वाली थकान (हीट एग्जॉस्शन) जिसमें थकान, कमजोरी, चक्कर, सिरदर्द, मितली, उल्टियाँ, मांसपेशियों में खिचाव और पसीना आने से लोग प्रभावित हो सकते है। लू लगना या हीट स्ट्रोक यह एक संभावित प्राणघातक स्थिति है। इससे बचने के लिए घर से बाहर निकलने से पहले पानी अवश्य पिएं, सूती ढ़ीले एवं आरामदायक कपड़े पहने, धूप में निकलते समय सिर पर टोपी, कपड़ा या छाते का उपयोग करें। छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, कैरी की छाछ आदि का सेवन करें, भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें। उन्होंने बताया की गर्मी में तरल पदार्थ ज्यादा लेते रहें। जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, नमक का पानी जिससे शरीर में पानी की कमी ना हो और डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो। उन्होंने यह भी बताया की इस हेतु कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक का उपयोग ना करें वह शरीर के तापमान को बढ़ा देती है। उन्होंने कहा की ओआरएस हमेशा साथ रखें और हीट स्ट्रोक या लू लगने के लक्षण दिखने पर उसका सेवन करें और तुरंत अस्पताल में जाकर जांच करवायें।

सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया की इसके लिए सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें, धुप में ना जाएँ ठंडी जगह ही रहे।

# ब्राह्मणों के खिलाफ टिप्पणी करने पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

**पावटा।** फिल्म निर्माता एवं निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी व निंदनीय बयान को लेकर देशभर में ब्राह्मण समाज एकजुट हो गया। वही जगह जगह ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। जिसे लेकर सोमवार को राजस्थान जिला ब्राह्मण महासभा व ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वाधान में पावटा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से निर्देशक अनुराग कश्यप की शव यात्रा निकाल सुभाष चौक पर उसका पुतला फूंका गया। वही राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा व पावटा ब्राह्मण महासभा पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी सहित क्षेत्र के विप्र बंधुओं के नेतृत्व में सभा की गई। इसके बाद समाज के लोगों ने धर्मशाला से अनुराग कश्यप के विरोध में नारेबाजी करते हुए शव यात्रा निकाल पैदल मार्च कर सुभाष चौक पर पहुंचकर उनका पुतला फूंका। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष व पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा


पुतला जलाते हुए विप्र बंधु।

अध्यक्ष राजेश शर्मा व पावटा ब्राह्मण महासभा पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी ने कहा कि अनुराग कश्यप के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

ब्राह्मण समाज पर ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों का सदैव विरोध किया जाएगा। इस मामले में कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो समाज के लोगों को सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। अनुराग कश्यप ने अपने वक्तव्यों में ब्राह्मणों के प्रति जिस प्रकार की मानसिकता दिखाई है, वह न केवल समाज विशेष का अपमान है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी आघात पहुंचाने वाला है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म निर्माता ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी, तो उनका विरोध और अधिक व्यापक और तीव्र रूप ले सकता है। वही दुर्गादत्त भारद्वाज, सुरेश शर्मा बजरंगपुरा, गजानंद टीलावत, राजस्थान ब्राह्मण महासभा उपाध्यक्ष मोहन गौड, पावटा ब्राह्मण महासभा कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, सचिव दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, मीडिया प्रभारी लाला पटेल, वक्ता विमल शर्मा, धीरज वशिष्ठ, एड. विष्णु शर्मा, सांवरमल बोहरा, पावटा ब्राह्मण महासभा पूर्व कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, हिमांशु शर्मा, नितेश शर्मा, राहुल शर्मा, आदित्य गौड सहित बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं ने कहा कि फिल्म जगत में बैठे कुछ लोगों द्वारा बार-बार सनातन संस्कृति और ब्राह्मण समाज को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्मों के बहिष्कार की भी मांग की और आम जनता से अपील की कि वे ऐसे लोगों की फिल्मों को न देखें, जो समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। वही उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे बयानों पर रोक लगाने के लिए उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसा विरोध जारी रहेगा जब तक अनुराग कश्यप अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगते।

## मीटिंग का आयोजन

**नारायणपुर।** कस्बे के बाईपास सड़क मार्ग पर स्थित नारी उत्थान संस्थान में सोमवार को नाबार्ड द्वारा स्वीकृत एफपीओ सिद्दीदात्री मिल्क एंड एग्रो महिला प्रोड्यूसर कंपनी की बोर्ड मीटिंग एवं पीआईएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना रहा। बैठक में डीडीएम नाबार्ड मीनाक्षी मीणा ने एफपीओ से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ सांझा करते हुए बताया कि कैसे इस संस्था के माध्यम से महिलाएं अपनी आजीविका को बेहतर बना सकती हैं। एफपीओ का मकसद गाँव की महिलाओं को जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल के जरिए महिलाएं दूध एवं कृषि आधारित उत्पादों का उत्पादन और विपणन कर सकती हैं, जिससे उन्हें स्थायी आमदनी प्राप्त होगी। इस अवसर पर नारी उत्थान संस्थान से राकेश शर्मा, सुरज्ञानी सैनी, सुमन कँवर, सुनीता यादव, पूजा, ममता, राधा, कोशल्या देवी, पतासी, सुशीला देवी, जमना, सरोज देवी, बनारसी, रेखा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### कलश यात्रा निकाली



**मालपुरा।** फुलमाली सैनी आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वाधान मे सोमवार को टोडारायसिंह कस्बे मे निकाली गई भव्य कलश यात्रा। मंगलवार को आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन के शुभारम्भ पर निकाली गई कलश यात्रा मे माली समाज की महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुये निकाली कलश यात्रा। बिसलपुर कॉलोनी स्थित कोर्ट परिसर मे आयोजित होगा माली समाज का चतुर्थ सामुहिक विवाह सम्मेलन। मालियान समाज के मंदिर मे विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई गई। डीजे की धुनो पर नाचते-गाते मंगल गीत गा रही महिलाओं एवं मौजूद समाज बंधुओ का सर्व समाज के लोगो ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत। विवाह समारोह स्थल पर पहुंचे हजारो माली समाज के महिला-पुरूषो ने आयोजन समिति के समक्ष आमजन की उपस्थिति मे सामुहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन मे प्रत्येक समाज बंधुओ ने अपना योगदान दिया। मंगलवार को पचास से अधिक नवविवाहित जोडे बनेगें एक-दुजे के हमसफर।

### ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन

**कोटपूतली।** यहाँ के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में सोमवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गर्मी के मौसम/लू-तापघात को देखते हुये आर.आर.टी. टीम का गठन करने, चिकित्सालय के समस्त वार्डो में ए.सी., पंखा, कुलर एवं वॉटर कूलर चालु करने, आवश्यक दवाईयों का स्टॉक रखने, मरीजों के परिजनों के लिये बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही समस्त स्टॉफ के समय से ड्यूटी पर पहुँचने, आई.डी. कार्ड, ड्रेस कोड पहनने एवं चिकित्सालय की साफ-सफाई रखने के निर्देश प्रदान किये गये। स्वास्थ्य केन्द्र पर बिजली, पानी, शौचालय की स्थिति एवं जमीन के पट्टे की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बैठक में डॉ. दिलीप कुमार पंवार, डॉ. अनिल यादव, डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. संदीप कुमार जोशी, सुरेन्द्र यादव, डॉ. संदीप कुमार यादव, प्रदीप कुमार कसाना, शैलेष यादव, सुनिल वर्मा, राजवीर गुर्जर, चिकित्सा संस्थान के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एएनएम, सीएचओ एवं डीईओ मौजूद रहे बैठक में पीसीटीएस पोर्टल, एचएमआईएस पोर्टल की समीक्षा करते हुये बीपीओ विजय तिवाड़ी ने हैड काउण्ट सर्वे, आर.आई. माईक्रोप्लान की समीक्षा की। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने आरसीएच रजिस्टर, आशा डायरी को पूर्ण करने एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समय पर रिपोर्ट करने, माँ वाउचर योजना में जितने भी वाउचर बनाये जा रहे है उन सभी की शत् प्रतिशत सोनोग्राफी कराने के निर्देश दिये। बीएनओ प्रेमप्रकाश सैनी ने पीसीटीएस पोर्टल पर एएनसी, टीकाकरण, डिलीवरी की रिपोर्टिंग एवं लाईनलिस्ट का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया।

### पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**श्रीमाधोपुर।** पेयजल समस्या को लेकर कचियागढ़ मोहल्ले की महिलाओं ने अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले जलदाय विभाग श्रीमाधोपुर में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व जुम्मी बानो ने किया। महिलाओं ने कहा कि इलाके में लंबे समय से पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी मांग की कि जब पानी की सप्लाई नहीं हुई, तो फिर लंबे समय बाद आए भारी- भरकम बिलों को माफ किया जाए। समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने सहायक अभियंता कविता बोचल्या को ज्ञापन सौंपा और सात दिवस में समाधान की मांग की। महिलाओं का कहना था कि एक तो शहर में पांच दिन में एक बार महज 20 मिनट सप्लाई होती है लेकिन वह भी काफी समय से नहीं हो रही है। जिसके चलते उन्हें मंहगाई के इस दौर में काफी दर पर पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहें हैं। इधर जलदाय विभाग की सहायक अभियंता का कहना है कि शहर में चल रहें सीवरेज लाईन के कार्य के दौरान सप्लाई लाईन टूट जानै के कारण समस्या उत्पन्न हुई है जिसे जल्द ही दुरस्त कर सप्लाई चालु करवाई जायेगी। बिल माफी पर कहा कि यह उनके स्तर का मामला नहीं है। इधर महिलाओं ने कहा कि यदि समय पर कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

### युवाओं ने ली नशा न करने की शपथ

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नीमुचाणा में सोमवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में श्री कृष्णा ग्रामीण विकास समिति द्वारा नशे एवं मादक द्रव्यों की रोकथाम विषय पर जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे की लत से दूर रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर करता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार, राकेश कसाणा, कनिष्ठ सहायक संजय शर्मा, मंगलराम, बबलू रैबारी, रामसिंह कसाणा, संस्था निदेशक मोनू शर्मा एवं सचिव सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव 22 अप्रैल को

**नारायणपुर।** कस्बे के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में आगामी 22 अप्रैल को भव्य जागरण एवं 39वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियाँ अंतिम रूप मे हैं और श्याम भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंडल उपाध्यक्ष राजू प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे से की जाएगी। इस दौरान ढप पार्टी और झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के ख्याति प्राप्त भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में अशोक सांवलिया (अलवर), पुरुषोत्तम ब्रजवासी (जयपुर), आँचल अरोड़ा (बांदीकुई) और हेमलता खंडेलवाल (जयपुर) जैसे सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी भक्ति भाव से सराबोर प्रस्तुतियाँ देंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भजन संध्या का लाभ लें और बाबा श्याम के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### पक्षियों के लिए परिण्डे लगाये

**फुलेरा।** कस्बे की जोबनेर रोड़ स्थित सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में समाजसेवी एवं शिक्षाविद् शक्ति के नेतृत्व में भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पक्षियों को इस चिलचिलाती धूप एवं गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों से अपील की है कि वे भी अपने मकान की और आस-पास के पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी के परिण्डे लगाकर इसमें सहयोग करें। इस अवसर पर व्याख्याता मुकेश कुमार सोनी, विनोद कुमार वर्मा, विष्णु पंचौली, महेश प्रधान सहित विद्यालय का स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** मेहंदवास थाना पुलिस ने गांव अलीपुरा से सरसों के कट्टे चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराए गए सरसों के 2 कट्टे बरामद किये, साथ ही चोरी में काम ली गई बाइक भी जब्त की गई। मेहंदवास थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया दो बदमाश बाइक पर सवार होकर आए और उसके मकान के बाहर रखे सरसों के कट्टों में से 2 कट्टे उठाकर ले गए, हर एक कट्टे में करीब 60 किलो सरसों थी। जिस पर पुलिस टीम ने कार्यवाही कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले व तकनीकी सहायता से पुलिस ने सोमवार को आरोपी दुर्गाशंकर पुत्र कालुराम माली निवासी देई जिला बूंदी एवं बलवीर सिंह पुत्र नन्दसिंह हाडा निवासी वार्ड नं.19 नसिया कॉलोनी देई जिला बूंदी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चुराये गये कट्टे जप्त किया।